राज्यपाल सचिवालय, विहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रियरंजन दास मुंशी के निधन पर शोक व्यक्त किया

पटना, 20 नवम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री प्रियरंजन दास मुंशी के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल श्री मलिक ने कहा है कि स्व॰ श्री मुंशी ने वाणिज्य, संसदीय कार्य तथा सूचना एवं प्रसारण जैसे प्रमुख मंत्रालयों में मंत्री पद पर रहते हुए देश की बहुमूल्य सेवा की। उन्होंने कहा है कि श्री मुंशी के निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने स्व॰ प्रियरंजन दास मुंशी की दिवंगत आत्मा को चिरशांति तथा उनके पारिवारिक–जनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस दारूण घड़ी में धैर्य–धारण की क्षमता प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....